Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made references to the passing away of Dr. G.S. Rajhans, Member, 8th Lok Sabha, Shri P.T. Thomas, Member, 15th Lok Sabha, Dr. Mahendra Prasad, Member, 7th Lok Sabha; Shri Rajveer Singh, Member, 9th, 10th and 12th Lok Sabhas, Smt. Shakuntala Devi, Member, 2nd and 3rd Lok Sabha, Shri Tilak Raj Singh, Member, 11th Lok Sabha, Shri A.G.S. Ram Babu, Member, 9th, 10th and 11th Lok Sabhas; and Shri Ganga Ram Koli, Member, 10th, 11th and 12th Lok Sabhas.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे आठ पूर्व साथियों के दु:खद निधन के बारे में सूचित करना है ।

डॉ. जी.एस. राजहंस बिहार के झंझारपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 8वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

डॉ. जी.एस. राजहंस का निधन दिनांक 20 दिसम्बर, 2021 को 83 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में हुआ ।

श्री पी.टी.थॉमस केरल के इडुक्की संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 15वीं लोक सभा के सदस्य थे । श्री थॉमस कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी संसदीय समिति के सदस्य रहे । श्री थॉमस केरल विधान सभा के वर्तमान सदस्य थे और इससे पहले दो कार्यकाल के लिए केरल विधान सभा के सदस्य रहे ।

श्री पी.टी. थॉमस का निधन 22 दिसंबर, 2021 को 71 वर्ष की आयु में वेल्लोर में हुआ ।

डॉ. महेन्द्र प्रसाद बिहार के जहानाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 7वीं लोक सभा के सदस्य थे । डॉ. प्रसाद राज्य सभा के वर्तमान सदस्य थे और इससे पहले छह कार्यकाल के लिए राज्य सभा के सदस्य रहे । डॉ. प्रसाद ने राज्य

सभा की उपसभापति तालिका के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं ।

डॉ. महेन्द्र प्रसाद का निधन 27 दिसंबर, 2021 को 81 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में हुआ ।

श्री राजवीर सिंह उत्तर प्रदेश के आंवला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 9वीं, 10वीं और 12वीं लोक सभा के सदस्य थे । श्री राजवीर सिंह विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे ।

श्री राजवीर सिंह का निधन 29 दिसंबर, 2021 को 83 वर्ष की आयु में गुरुग्राम में हुआ ।

श्रीमती शकुंतला देवी बिहार के बांका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दूसरी और तीसरी लोक सभा की सदस्य थीं ।

श्रीमती शकुंतला देवी का निधन 09 जनवरी, 2022 को 90 वर्ष की आयु में पटना में हुआ ।

श्री तिलक राज सिंह मध्य प्रदेश के सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 11वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री तिलक राज सिंह का निधन 09 जनवरी, 2022 को 55 वर्ष की आयु में भोपाल में हुआ ।

श्री ए.जी.एस. राम बाबू तमिलनाडु के मदुरै संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 9वीं, 10वीं और 11वीं लोक सभा के सदस्य थे । श्री राम बाबू ने सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति के सभापति तथा विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं ।

श्री ए.जी.एस. राम बाबू का निधन दिनांक 11 **जनवरी**, 2022 **को** 59 वर्ष की आयु में मदुरै में हुआ ।

श्री गंगा राम कोली राजस्थान के तत्कालीन बयाना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 10**वीं**, 11**वीं** और 12वीं लोक सभा के सदस्य थे । श्री कोली ने खाद्य, नागरिक पूर्ति और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति तथा सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति के सदस्य के रूप अपनी सेवाएं प्रदान की हैं ।

श्री गंगा राम कोली का निधन दिनांक 13 जनवरी, 2022 को 85 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में हुआ ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं । यह सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करती है ।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन खड़ी रहेगी ।

12.42 hrs

The Members then stood in silence for a short while.